आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

प्रधानमंत्री – मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से विशेषकर उद्योग और स्टार्टअप उद्यमों में लगे युवाओं से, गुणवत्ता पर ज़ोर देने की अपील की है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेज़ी से विकसित हो रही है और पूरे विश्व की नज़र भारत पर है। उन्होंने लोगों से देश में विनिर्मित हर वस्तु की गुणवत्ता में सुधार का संकल्प लेने का आग्रह किया। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि दस वर्ष पहले जनवरी 2016 में भारत ने स्टार्टअप इंडिया के शुभारंभ के साथ यह महत्वाकांक्षी यात्रा शुरू की थी। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व में तीसरी सबसे बड़ी स्टार्टअप व्यवस्था वाला देश बन गया है।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि मतदाता लोकतंत्र की आत्मा हैं। उन्होंने युवाओं से 18 वर्ष का होने पर मतदाता के रूप में पंजीकृत होने का आग्रह किया।

पूर्ण राज्यत्व दिवस

हिमाचल आज अपना 56वां पूर्ण राज्यत्व दिवस मना रहा है। आज ही के दिन वर्ष 1971 में प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा मिला था। पूर्ण राज्यत्व दिवस का राज्य स्तरीय समारोह आज कांगड़ा ज़िले के वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल परागपुर के खेल मैदान में हुआ जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण कर आकर्षक मार्च पास्ट की सलामी ली। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को पूर्ण राज्यत्व दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अनेक घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष से अधिक की आयु के पैंशनरों को बकाया एरियर का भुगतान 31 जनवरी से पहले कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने परागपुर में एसडीएम कार्यालय और नलसूहा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का ऐलान भी किया।

बधाई–हिमाचल प्रदेश

इस बीच, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने पूर्ण राज्यत्व दिवस पर हिमाचल वासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हिमाचल वासी अपनी अद्भुत प्रतिभा और पराक्रम से हमेशा मां भारती की सेवा करते आए हैं। उन्होंने देवभूमि के सुनहरे भविष्य व समृद्धि की कामना की है। केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि हिमाचल के लोग प्रतिभा, साहस और राष्ट्र सेवा के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

संदेश

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर शाम 7 बजे से प्रसारित किया जाएगा। राष्ट्रपति के संबोधन को देखते हुए आकाशवाणी शिमला से शाम 7 बजकर 45 मिनट पर प्रसारित होने वाला प्रादेशिक समाचार बुलेटिन आज शाम 6 बजकर 45 मिनट पर प्रसारित होगा।

नमस्कार